# साले ने बहनोई की गोली मारकर और तलवार से हाथ काटकर हत्या की



धरने पर बैठे लोगों से एएसपी फूलचंद मीणा ने समझाइश के प्रयास किए।

- पोस्टमार्टम के लिए दोपहर तक नहीं पहुंचे चिकित्सक, आक्रोशित ग्रामीणों ने थाने के सामने धरना शुरू किया
- दोपहर दो बजे के करीब पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सक भी पहुंच गए, लेकिन ग्रामीण देरी करने वाले चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे

**झुंझुनूं/सूरजगढ़,** (निसं)। थाना इलाके के महपालवास गांव में मंगलवार रात को एक साले ने अपने ही बहनोई अमित उर्फ अंकित की गोली मारकर और तलवार से हाथ काटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में बुधवार सुबह से ग्रामीण अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सकों का इंतजार करते रहे थे, लेकिन जब बुधवार दोपहर तक चिकित्सक नहीं पहुंचे तो सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने थाने पर धरना शुरू कर दिया। हालांकि दोपहर दो बजे के करीब पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सक भी पहुंच गए, लेकिन ग्रामीण देरी करने वाले चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

ग्रामीणों का कहना है कि रात को शव मोर्चरी में रखवा दिया गया था। सुबह से ग्रामीण इंतजार कर रहे थे, लेकिन झुंझुनूं से आने में चिकित्सक ने आधा दिन बिता दिया। इस तरह की लापरवाही पर चिकित्सक पर कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग भी कर रहते रहे। इस दौरान जिला परिषद सदस्य रणवीर नाडा, पंचायत समिति सदस्य सोमवीर लांबा, कांग्रेस नेता राजेश गोदारा, भाजपा नेता विकास भालोठिया, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामावतार धोलिया, एडवोकेट शिवराज, डॉ. सुखबीर समेत अन्य ने चिकित्सक पर कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। हालांकि एएसपी फूलचंद मीणा, चिड़ावा डिप्टी विकास धींधवाल, चिड़ावा सीआई विनोद सामरिया, थानाधिकारी सुखदेव सिंह ने समझाइश के प्रयास किए। तहसीलदार चंद्रशेखर यादव ने जिला कलेक्टर से वार्ता की चिकित्सक संजय एचरा पर कार्यवाही के आश्वासन के बाद धरना उठाया गया।

धरना समाप्ति के बाद जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने एएसपी फूलचंद से मुलाकात कर क्षेत्र में पनप रहे गैंगों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में युवा भटक चुके हैं। इलाके में कई तरह की गैंग चल रही हैं। ऐसी गैंगों में शामिल होकर युवा वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। युवाओं के भविष्य खतरे में है। इस तरह की गैंगों पर कार्रवाई की जाए। अन्यथा क्षेत्र में बड़ी वारदातें होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। एएसपी फूलचंद ने गैंगों पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## तीन छात्राओं को मिलेगा इंदिरा प्रियदर्शनी अवार्ड

**चिड़ावा,** (निसं)। लोहिया स्कूल की तीन छात्राओं का इंदिरा प्रियदर्शनी अवार्ड के लिए चयन हुआ है। विद्यालय की छात्रा सीमा जांगिड़ पुत्री अशोक जांगिड़, संगीता पुत्री सुभाष को 12वीं कक्षा में कला वर्ग में जिले में अपने वर्ग में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने पर एक लाख रुपए और छात्रा प्रियांशी कुलहरी पुत्री डॉक्टर नरेंद्र कुलहरी को कक्षा 10 में जिले में अधिकतम अंक प्राप्त करने पर 75 हजार रुपए पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे।

छात्राओं को समारोह में सम्मानित किया गया। संस्था चैयरमैन राम सिंह नेहरा, निदेशक जगपाल सिंह यादव, सचिव प्रदीप नेहरा,चेयर पर्सन ममता नेहरा, प्रिंसिपल प्रमोदिनी दुबे, प्रधानाचार्या प्रमिला झाझडिया, कॉर्डिनेटर प्रदीप शर्मा ने माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मान किया। चेयरमैन रामसिंह नेहरा ने बताया कि छात्रा प्रियांशी कुलहरी संस्था द्वारा संचालित लोहियम कैरियर इंस्टीट्यूट से नीट की तैयारी कर रही है।

कार्यक्रम में अभिभावकों का भी सम्मान किया गया। जिसमें अशोक जांगिड़, विमला देवी, डॉक्टर नरेंद्र कुलहरी और सुज्ञानी देवी का माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मान किया।

## सार-समाचार

### हरियाली तीज पर पौधारोपण किया



**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशल स्कूल में हरियाली तीज के अवसर पर पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया। संस्था निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि राजस्थान में हरियाली तीज का खास उत्साह होता है। इस मौके पर पूरे राजस्थान में तरह-तरह के आयोजन होते हैं। पारंपरिक आयोजन से इतर इस साल राजस्थान में हरियाली तीज के मौके पर पौधारोपण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस साल हरियाली तीज पर राजस्थान राजस्थान में 7 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। जिसे सफल बनाने के लिए स्कूल में प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर व निदेशक निर्मल कालेर द्वारा पौधारोपण कर राजस्थान सरकार के अभियान को आगे बढ़ाया। इस विशेष अवसर पर डॉ. जीएल कालेर ने बच्चों व स्टाफ सदस्यों से आव्हान किया कि प्रत्येक जन इस वर्ष कम से कम पांच पौधे लगाकर राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम मुख्यमंत्री पौधारोपण महाभियान के अंतर्गत अमृत पर्यावरण महोत्सव एक पेड़ देश के नाम व हरियालो राजस्थान अभियान को सफल बनाए। इस मौके पर एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल महेंद्र सैनी तथा सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### छात्रों और स्टाफ ने पौधे लगाए



**झुंझुनूं,** (निसं)। डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल में हरियाली तीज के अवसर पर विशेष पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। इसमें स्कूल के 700 से अधिक छात्र और स्टाफ ने मिलकर पौधे लगाए तथा पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य न केवल पर्यावरण की रक्षा करना है। बल्कि छात्रों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव पैदा करना है। राजस्थान में हरियाली तीज पर पौधारोपण का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें विद्यालय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया।


### कृषक संवाद कार्यक्रम कल

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान किसान आयोग के तत्वाधान में कृषि विभाग झुंझुनूं द्वारा आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता में नौ अगस्त को सुबह 10.30 बजे सूचना केंद्र सभागार में कृषक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कृषि (विस्तार) के संयुक्त निदेशक प्रकाशचंद्र बुनकर ने बताया कि संवाद कार्यक्रम में जिले के नवाचारी, प्रगतिशील कृषक, पशुपालक, मत्स्यपालक, कुक्कुट पालक, मंडी श्रमिक, किसान संगठन, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं अन्य स्टेक होल्डर्स को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान सभी श्रेणी के कृषकों से सुधार एवं विकास के लिए सुझाव भी आंमत्रित किए जाएंगे।

### जिले के स्थापना दिवस पर मिठाई बांटी

**पाटन,** (निसं)। आज से ठीक एक वर्ष पूर्व राजस्थान में कांग्रेस सरकार द्वारा 7 अगस्त 2023 को अधिसूचना जारी कर नीमकाथाना को जिले की विशेष सौगात दी थी। यह सौगात विधायक सुरेश मोदी के अथक प्रयासों से मिली है जो हमेशा यादगार रहेगी, जिसको आज स्थापना दिवस के रूप में मनाया जा रहा है कार्यकर्ताओं ने रामलीला मैदान में प्रथम स्थापना दिवस मनाते हुए पटाखे फोड़े एवं मिठाई बांटी। इस मौके पर मदनलाल सैनी, बलदेव यादव, गोरी शर्मा, जी एल सोमावत, रणजीत बुडानिया, मुकेश अग्रवाल, श्री सैनी, बलवीर खेरवा, राजेंद्र महरानिया, हेमन्त शर्मा, कमल जाखड़, महबूब कुरेशी, अवतार गुजर टीटू वर्मा अशोक कुमावत, संजय अग्रवाल , बनवारी जाट नरेश टेलर, राजाराम गुर्जर विरेंद्र स्वामी राकेश नटवाड़िया एवं समस्त क्षेत्रवासि मौजूद रहे

### तीज की शाही सवारी निकली



**सीकर,** (निसं)। शहर में पिछले सवा तीन सौ वर्षों से सावन सुरंगी तीज के मेले का आयोजन किया जाता आ रहा है। तीज का ऐतिहासिक रंग बिरंगा यह त्यौहार राजस्थान की रंग रंगीली लोक संस्कृति को भी दर्शाता है। सीकर शहर में भी तीज का मेला नेहरू पार्क में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ भरा। इससे पूर्व सांस्कृतिक मण्डल की ओर से तीज की ऐतिहासिक सवारी रघुनाथजी के मंदिर से प्रारंभ होकर बावड़ी गेट, सुभाष चौक, नानी गेट, सालासर बस स्टैण्ड होती हुई छोटा तालाब नेहरू पार्क पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधी, प्रशासनिक अधिकारी और महिलाओं ने तीज मेले में भाग लिया। इस मौके पर युवतियों ने नेहरू पार्क में झूलों का खूब आनंद लिया।

### विद्यालय को 51 हजार का सहयोग किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। लूणा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्यमंत्री पौधारोपण महाअभियान हरियालो राजस्थान एक पेड़ मां के नाम (हरियाली तीज) के शुभ अवसर पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापिका अनिता तेतरवाल ने मंच के पुनर्निर्माण व विद्यालय के सौंदर्यकरण के लिए ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से विद्यालय को 51 हजार रुपए का सहयोग दिया। उप प्रधानाचार्य राकेश झाझड़िया को सहायता राशि सौंपी। इससे पहले भी अनीता तेतरवाल ने विद्यालय में समय-समय पर सहयोग प्रदान किया है। सर्दियों में भी प्रतिवर्ष अपनी कक्षा के बच्चों को ब्लेजर प्रदान करते हैं। अपनी एकल पुत्री को भी स्थानीय राजकीय विद्यालय में ही अध्यापन करवाते हैं। साथ ही संपूर्ण स्टाफ ने भी 21 हजार रुपए इकट्ठे कर विद्यालय के रंग रोगन में सहयोग प्रदान किया। इस दौरान शिक्षिका सुमिता चौधरी, प्रेरक संदीप ढाका, महेश खीचड़, इरफान अली, महेश भारू सहित समस्त स्टाफ ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## शिक्षण संस्थाओं में किया पौधारोपण

**झुंझुनूं,** (निसं)। एक पेड़ मां के नाम थीम पर राजकीय महिला महाविद्यालय झुंझुनूं में तीज के अवसर पर पौधारोपण किया गया। राजकीय एनएमटी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में शिक्षकों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं द्वारा जामुन, नीम और बील के वृक्ष लगाए गए।

शहीद सूबेदार भगवानसिंह बराला राउमावि सीगड़ा में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत सरपंच सविता सीगड़ा के मुख्य आतिथ्य में वृहद् स्तर पर सघन पौधारोपण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के छायादार, फलदार एवं फूलदार पौधे लगाए गए। विद्यालय प्रधानाचार्या प्रतिभा चाहर ने सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक कार्यालय में हरियाली तीज के अवसर पर पौधारोपण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक मनोज कुमार ढाका ने जामुन का पौधा लगाकर उसकी सिंचाई की। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी ढाका ने स्वयं के साथ हर एक स्टाफ सदस्यों को अधिकाधिक

सोती के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में हरियाली तीज के अवसर पर पौधारोपण किया गया। कार्यवाहक प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार ने पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों व विद्यालय स्टाफ को पौधारोपण अभियान के प्रति जागरूक रहने का आ ान किया। इस अवसर पर बच्चों के सहयोग से विद्यालय में पौधे लगाए गए।

जिले के पिलानी के समीप झेरली स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्यमंत्री पौधारोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। संस्था प्रधान सुशीला शर्मा ने बताया कि शारीरिक शिक्षिका अनुसूइया के निर्देशन में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झेरली में समस्त विद्यालय स्टाफ की तरफ से पौधे सहित 21 गमले विद्यालय को भेंट किए गए।

## तीज का पर्व धूमधाम से मनाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। न्यू कॉलोनी स्थित डिफेंस पब्लिक सीसै स्कूल में तीज पर्व का आयोजन बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। डॉ. जीएल कालेर ने तीज पर्व का महत्व समझाया और बताया कि अमावस्या के 3 दिन बाद ये पर्व आता है। द्वितीय तिथि को सिंदोर व तृतीया तिथि को तीज पर्व आता है। चेयरमैन ने शिव पार्वती की कथा के बारे में बच्चों को बताया। ये पर्व उनके दिव्य मिलन का प्रतीक माना जाता है और इस दिन सभी सुहागन स्त्रियां व्रत करती है। पति की लंबी उम्र की कामना करती है। नारियां 16 शृंगार करती है। सजती व संवरती है। अध्यापिका पुष्पा ने सावन का गीत गाया। इसके बाद ममता रानी ने अपनी इन पंक्तियों में सावन के महत्व को समझाया कि सावन में रिम-झिम की पुकार और बहारों व त्यौहारों की पुकार, मेरी यही है दुआ मुबारक हो तीज त्योहार। इस अवसर पर छात्राओं ने विद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चियों ने अध्यापिकाओं के हाथों में मेहंदी लगाई तथा बच्चों को विनर भी बनाया गया।

## सतरंगी लहरियो कार्यक्रम में लोक संस्कृति को किया साकार



लोक संस्कृति शोध संस्थान नगरश्री व युक्ति सामाजिक शोध संस्थान चूरू के संयुक्त तत्वाधान में सतरंगी लहरीयो का आयोजन किया गया।

**चूरू,** (निसं)। लोक संस्कृति शोध संस्थान नगरश्री व युक्ति सामाजिक शोध संस्थान चूरू के संयुक्त तत्वाधान में हरियाली तीज पर्व पर सतरंगी लहरीयो कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता चूरू बालिका महाविद्यालय की प्राचार्या आशा कोठारी ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ 50 वर्षों बाद तीज माता की प्रतिमा को स्थापित कर इसका पूजन कर किया गया। इस अवसर पर पूजा, दीप गौतम, मनीषा शर्मा, सोनू शर्मा ने राजस्थानी गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में म्हारे लहरिया रा नौ सौ रूपया रोकड़ा सा...., सुरंगो सावण आयो रे..., टुटे बाजु बंद की लूम..., तीज्यां को त्यौहार पीया सावण की बरसात में..., गीतों के माध्यम से खूब समां बांधा। कार्यक्रम में नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में उमा वशिष्ठ प्रथम, मोनिका तिवाड़ी द्वितीय व मंजू भाटी ने तृतीय ने स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में लोहिया महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. ट्विंकल शर्मा, पुत्री पाठशाला की प्रधानाचार्य निशा अजमेरा व गर्ल्स बागला से अंबिका चाहर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। अध्यक्षता करते हुए आशा कोठारी ने सौभाग्य का प्रतीक हरियाली तीज के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्हानें कहा कि ऐसे आयोजन हमारे समाज से लुप्त हो रही लोक संस्कृति को पुर्नजीवित करने व संरक्षित करने में महती भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने लहरिया प्रिंट के परिधानों को धारण कर रखा था। इस अवसर पर युक्ति संस्थान कि सचिव राजकौर राहड़, उषा सोनी, पूजा सोनी, पूनम, रूपा मजूमदार, रूचिका शर्मा, सरला राव, ललिता वर्मा, निरमा स्वामी, राजेश कुमारी, सुनन्दा, प्रीतम कंवर, राजश्री माधुरी शर्मा, बसंती शर्मा, रंजू जालान सहित बड़ी संख्या में महिलाओं व युवतियों ने भाग लिया। इस अवसर पर युक्ति संस्थान द्वारा संस्था की छात्रा मुस्कान को एक सिलाई मशीन भेंट की गई। नगर श्री सचिव श्यामसुन्दर शर्मा ने आगंतुकों का स्वागत किया व युक्ति संस्थान के अध्यक्ष रमेश सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## भाजपा की प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन

**चूरू,** (निसं)। पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ के आवास पर बुधवार को प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने की। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण, लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया, प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव चावला, राष्ट्रीय परिषद् सदस्य ओम सारस्वत, जिला प्रमुख वन्दना आर्य, जिला उपप्रमुख महेन्द्र न्यौल, प्रधान दीपचन्द राहड, नेताप्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, बुद्विजीवी प्रकोष्ठ के सहसंयोजक किशन महर्षि मचस्थ अतिथि थे।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि राजस्थान की डबल इंजन सरकार गरीब को केन्द्र में रखकर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भारत सरकार के बजट में देश को विकसित देश बनाने का आधारभूत संकल्प दिखाई देता है। इसी प्रकार राजस्थान सरकार भी सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए कार्य कर रही है। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि जिस प्रकार की मांग हम लोगों ने चूरू के लिए कि उन सभी मांगों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार ने स्वीकृति प्रदान की। उन्होने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में जीएसएस का निर्माण होने से क्षेत्र में विद्युत समस्या का निवारण हो जायेगा।

इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास के रास्ते पर चल रहा है। कार्यक्रम में प्रदेष मंत्री वासुदेव चावला, मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व दीनदयाल सैनी ने आंगन्तुकों का माला, मोमेन्टो व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री भास्कर शर्मा व अभिषेक चोटिया ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र सैनी, नरेन्द्र काछवाल, नरेन्द्र कंवल, सत्तार खान, जिला मंत्री श्रीराम सैनी, कौशल पूनियां, अविनाश पारीक, मोहन गढ़वाल, हेमसिंह शेखावत, दौलत तंवर, फतेहचन्द सोती, रघुनाथ खेमका, सुभाष जांगिड़, विजय कस्वां, पवन यादव, विक्रम कोटवाद, पदमसिंह राठौड़, कमल कोठारी, आमीन खान, डॉ. पवन गोयल, सहित अनेक गणमान्य लोग व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अस्पताल का औचक निरीक्षण किया

**चिड़ावा,** (निसं)। उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता आज अचानक चिड़ावा उप जिला अस्पताल पहुंचे। यहां पर उन्होंने सभी वार्डों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौजूद डॉक्टर्स और अस्पताल अधिकारियों के साथ उन्होंने करीब 15 मिनट तक अकेले में भी चर्चा की।

उपखंड अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अस्पताल में साफ सफाई की व्यवस्था भी जांची। पानी की टंकिया साफी सुधरी मिली। एसडीएम ने अस्पताल के वार्डों में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएमओ डॉक्टर नितेश जांगिड़ से दवा वितरण और पर्ची काउंटर व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा भी की। निरीक्षण के दौरान वाटर कूलर खराब स्थिति में मिला।

## किडनी कांड मामला : न्याय दिलाने की मांग

- ईद बानो मामले में अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता मंत्री से मिले

**झुंझुनूं,** (निसं)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की ओर से बुधवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शौकत अली चौहान ने झुंझुनूं जिले के मंडावा विधानसभा क्षेत्र के नूआं गांव के किडनी कांड मामले को लेकर मरहूम ईद बानो के पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर जिले के प्रभारी एवं समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में भाजपा नेता ने बताया कि कुछ दिन पूर्व में झुंझुनूं के धनखड़ हॉस्पिटल में गलत किडनी निकलने से नूआं गांव की ईद बनो की जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में मौत हो गई थी। जिसको लेकर परिवार को उचित मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, पीड़ित परिवार फ़क़ीर समाज से आता है और उसके रोजगार का कोई साधन नहीं है, इसलिए रोजगार उपलब्ध करवाने की मांग की। केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने ज्ञापन पढ़ने के बाद मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान की उचित बात को संज्ञान में लेते हुए नूआं गांव की मृतक ईद बनो के परिवार को उचित सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन के समय मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष डॉ. शौकत अली, हाजी मोहम्मद अय्यूब, इकबाल खान, मोर्चे के जिला महामंत्री रुस्तम अली कांट, शाहिद फारूकी, उस्मान गनी लादूसरिया सहित मोर्चे के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीडीओ ने विद्यालय का निरीक्षण किया

**चूरू,** (निसं)। स्थानीय राजकीय बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय में राज्य सरकार के हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत बुधवार को विद्यालय परिसर में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगबीर सिंह यादव ने पौधे लगाकर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीईओ यादव ने कहा कि वृक्षों का प्रकृति से संतुलन बनाये रखने एवं ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। अत: हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ लगाने चाहिए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य महेश कुमार सोनी व उप प्रधानाचार्य हंसा शर्मा ने भी विद्यार्थियों को वृक्षारोपण के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में अध्यापक चन्दगीराम दूत ने भी विचार व्यक्त किये। इस दौरान सीडीओ यादव ने विद्यालय का निरीक्षण भी किया और प्रधानाचार्य को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सम्पूर्ण कक्षा-कक्षों, डिजिटल स्मार्ट बोर्ड, प्राचार्य कक्ष सहित विद्यालय का निरीक्षण किया।

## गाजे-बाजे से निकली तीज माता की शाही सवारी



श्री गोपाल गौशाला की ओर से तीज माता की शाही सवारी निकाली गई।

**झुंझुनूं,** (निसं)। हर साल सावन मास की हरियाली तीज को निकलने वाली श्री गोपाल गौशाला की ओर से श्री गोपाल गौशाला प्रांगण से तीज माता की शाही सवारी बुधवार को गाजे बाजे के साथ रवाना होकर राणी सती रोड होते हुए छावनी बाजार आई।

जहां श्री गल्ला व्यापार संघ के आतिथ्य में तीज माता की विधिवत रूप से पूजा अर्चना पंडित अनिल शुक्ला के आचार्यत्व में वेद मंत्रों के साथ बतौर अतिथि भामाशाह विश्वनाथ टीबड़ा, किशोरीलाल टीबड़ा, कोतवाली थाना के एएसआई राजेंद्रकुमार, कैलाशचंद्र सिंघानिया, उमाशंकर महमिया सहित अन्यजन के द्वारा संपन्न की गई। इससे पूर्व श्री गोपाल गौशाला एवं श्री गल्ला व्यापार संघ की ओर से अतिथियों का स्वागत दुपट्टा ओढाकर किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. डीएन तुलस्यान ने किया।

शाही सवारी के साथ पुलिस प्रशासन एवं ट्रेफिक पुलिस का जाब्ता मौजूद रहा। छावनी बाजार में पूजा अर्चना के पश्चात तीज माता की शाही सवारी ऊंट, घोड़े, बाजे के साथ छावनी बाजार से जोशियां का गट्टा, कपड़ा बाजार होते हुए समस्त तालाब पहुंची। जहां पूजा अर्चना के पश्चात वापसी में ढंढों का दरवाजा, खेतान मोहल्ला होते हुए श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं में शाही सवारी वापस आई। समारोह में श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, सचिव नेमी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार तुलस्यान, संयोजक नारायणप्रसाद जालान, श्री गल्ला व्यापार संघ अध्यक्ष आनंद टीबड़ा, सचिव विपिन राणासरिया, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला, डॉ. डीएन तुलस्यान, प्रमोद टीबड़ा, सीताराम केडिया, नगर परिषद एसआई बाबूलाल चंदेल सहित अन्यजन उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, मामला दर्ज

**सादुलपुर,** (निसं)। ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर चोट लग जाने के कारण एक 37 वर्षीय युवक की मौत हो गई।

थाना अधिकारी पुष्पेंद्र झाझडिया ने बताया कि सोमवीर जाट उम्र 38 साल निवासी बैरासर बडा ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 07 अगस्त 2024 को सुबह 06 बजे के लगभग संजय कुमार राजवीर जाट के साथ अपने पूर्वी दिशा के खेत में निराई गुडाई ओर नीनाण करने के लिए जा रहे थे। जब वे तीनों खेत महेंद्र गुर्जर के पास पहुंचे तो सामने से इंद्रपुरा बिंजावास की ओर से ट्रैक्टर चालक देवीलाल अपने ट्रैक्टर को तेज गति ओर लापरवाही से चलाता हुआ लाया तथा सही दिशा में चल रहे राजवीर उम्र 37 साल को टक्कर मार दी।

जिसके कारण उसे गंभीर चोटे लगी तथा घटना के बाद राजवीर को सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां चिकित्सको ने राजवीर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना का मौका निरीक्षण किया एवं मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव उसके परिजनों को सौंप दिया तथा मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

**कार्यालय नगरपालिका मंडल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)**

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2024/ दिनांक 07.08.2024

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुमन पत्नी श्री कैलाश शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी वार्ड नं. 07 रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों की फोटो प्रति प्रस्तुत कर अपने आवासीय भूखण्ड सैक्टर IDSMT आवासीय/व्यवसायिक योजना भूखण्ड सं. 8, 9, 10, 11, 12 साईज 15ग30 (प्रत्येक) कुल साईज 2250 वर्गफुट या 209.10 वर्ग मीटर का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करवाना चाहता है।

अतः उक्त भूखण्ड का आवासीय से व्यवसायिक भू-उपयोग परिवर्तन करने में किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**(शैलेन्द्र कुमार गोदारा), अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर**